विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल का शारीरिक शिक्षण विभाग मे दौरा

आज दिनाक 22/02/2022 को विश्वविधालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल जी ने शारीरिक शिक्षा विभाग का भ्रमण किया। इस दौरान वो विभाग के छात्रों से रूबरू हुए एवं उनके साथ अपने अनुभव साझा किया। इस दौरान वहाँ विभाग के शिक्षा संकाय के संकयाध्यक्ष प्रो.विशन सिंह राठौड़, शरीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजीत सरदार, एवं विभाग के सभी प्राध्यापक और छात्र उपस्थित थे। इस उपलक्ष्य पर कुलपति जी ने विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुरेंद्र कुमार और सहायक प्राध्यापक डॉ महेश सिंह धपोला के द्वारा लिखित " शारीरिक शिक्षा का इतिहास" किताब का विमोचन किया। अपने उद्बोधन में श्री चक्रवाल ने बधाई देते हुए विभाग के गतिविधियों और उपलब्धियों की सराहना की। इस दौरान विभाग के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकों एवं कुलपति महोदय के मध्य निम्नलिखित गतिविधियों के बारे मे चर्चा की गयी।

1. कुलपति महोदय द्वारा विभाग के द्वारा एक दिन मे प्रोजेक्ट तैयार करने एवं एक सप्ताह के अंदर AICTE के द्वारा प्राप्त 3600000/- के प्रोजेक्ट के लिए बधाई दी।
2. कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के खेल अधोसंरचना हेतु विभाग के द्वारा तैयार किए गए 715 करोड़ के प्रोजेक्ट पूरा होने हेतु शुभकामनाये दी।
3. विभागाध्यक्ष द्वारा मैदान के लिए ग्राउंडसमैन की आवश्यकता के बारे मे अवगत कराया गया ।
4. विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ महेश सिंह धपोला ने मैदान मे मास लाइट की व्यवस्था करने के लिए निवेदन किया।
5. विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ शालिनी मेनन ने मैदान मे महिला, पुरुष एवं स्टाफ के लिए बाथरूम की व्यवस्था के लिए निवेदन किया।
6. कुलपति महोदय द्वारा विभाग की पत्रिका शुरू करने के लिए कहा गया।

POCO
SHOT ON POCO M2 PRO

POCO
SHOT ON POCO M2 PRO

POCO
SHOT ON POCO M2 PRO

विभागाध्यक्ष
शारीरिक शिक्षण विभाग